कलेक्टर ने टांगे पक्षियों के लिए सकोरे, शीतल प्याऊ की भी शुरुआत

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 20 अप्रैल। कलेक्टर द्वारा ग्रीष्मकाल ऋतु के दौरान सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में लगे पेड़ो पर पक्षियों के लिए पानी की सुविधा हेतु मिट्टी के संकोरे टांगे गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, योग शिक्षक दिनेश साहू आदि मौजूद रहें।

कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित पेड़ों पर कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा पक्षियों के लिए सकोरे पत्र टांगे गये तथा उनमें पानी भरा गया। गर्मी के इन दिनों में सूरज की तपिश दिनों दिन बढ़ती जा रही है आसमान पर उड़ान भरने वाले पक्षी तथा पेड की छांव में बैठने वाले पक्षी अपनी प्यास बुझाने के लिए पानी की तलाश में रहते है। ऐसे में उनको पीने के लिए पानी आसानी से उपलब्ध हो सकें, इसके लिए कलेक्ट्रेट परिसर में लगे पेडो पर पानी के सकोरे लगाये गए हैं। इसके साथ ही पक्षियों के दाने की व्यवस्था के लिए भी सकोरे लगाने का कार्य किया गया है। उन्होंने निर्देश दिये कि कलेक्ट्रेट परिसर में लगाये गये सकोरे पात्रो में नियमित रूप से पानी और दाना रखा जायें। कलेक्टर ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घर की बालकनी, आंगन या छत पर पक्षियों के लिए पानी रख सकते हैं। प्लास्टिक या स्टील के बर्तन में पानी न रखें। धूप में इन बर्तनों का पानी बहुत गर्म हो जाता है। मिट्टी के बर्तन में पानी रखना सबसे अच्छा होता है।

शीतल प्याऊ की शुरुआत भी की : कलेक्टर ने इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में बाहर की ओर आम लोगों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था के क्रम में प्याऊ की शुरूआत भी की गई। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने बताया कि कलेक्ट्रेट भवन के अंदर तो शीतल जल के लिए वाटरकूलर, आरओ इत्यादि लगे हुए है, इसी क्रम में तहसील कार्यालय के गेट पर मिट्टी के मटके रख शीतल जल प्याऊ शुरू की गई है, जिससे कलेक्ट्रेट आने वाले लोगों को मटके का ठंडा पानी पीने को उपलब्ध होगा।

कलेक्टर आज विजयपुर में करेंगे जनसुनवाई

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा मंगलवार 21 अप्रैल को विजयपुर विकासखण्ड मुख्यालय पर जनसुनवाई करेंगी। जनसुनवाई कार्यक्रम जनपद पंचायत विजयपुर के सभागार में प्रात: 11 बजे से आयोजित होगा। कलेक्टर द्वारा जनसुनवाई करते हुए आवेदनों का निराकरण किया जायेगा। श्योपुर जिला मुख्यालय से तहसील विजयपुर की दूरी को दृष्टिगत रखते हुए तथा आमजन को सुविधा के साथ उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए मंगलवार को विजयपुर में जनसुनवाई आयोजित की गई है। कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों एवं विजयपुर के खण्ड स्तरीय अधिकारियों को उक्त जनसुनवाई के दौरान विजयपुर में उपस्थित रहने के निर्देश दिये है। जारी आदेश के अनुसार श्योपुर जिला मुख्यालय पर भी पूर्ववत प्रात: 11 बजे से जनसुनवाई कार्यक्रम रहेगा।

ग्रीष्म ऋतु में लू से बचने के संबंध में एडवाइजरी जारी

तपती दोपहरी में धूप से बचाव के लिए करें उपाय

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 20 अप्रैल। आपदा प्रबंधन की ओर से जिले में बढ़ते तापमान को देखते हुये ग्रीष्म ऋतु में लू (तापघात) के प्रकोप से बचाव हेतु एडवाईजरी जारी की गई है।

अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय द्वारा जारी एडवाईजरी के अनुसार नागरिकों को पानी, छाछ, ओआरएस का घोल या घर में बने पेय जैसे लस्सी, नींबू पानी, आम का पना इत्यादि का सेवन करने की सलाह दी गई है। यथा संभव दोपहर 12 से 03 बजे तक धूप में बाहर निकलने से बचें।

धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें। कपड़े, टोपी अथवा छतरी का उपयोग करें। धूप में निकलने के पूर्व तरल पदार्थ का सेवन करें। पानी हमेशा साथ रखें। शरीर में पानी की कमी नही होने दें। सूती, ढीले एवं आरामदायक कपड़े पहनें। सिंथेटिक एवं गहरे रंग के वस्त्र पहनने से बचें।

जानवरों को छाएँ में रखें ओर पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें। अत्यधिक गर्मी होने की स्थिति में ठडें पानी से शरीर को पीछे या कई बार स्नान करें। धूप तथा गर्म हवाओं के संपर्क के तुरंत बाद स्नान न करें। गरिष्ठ, वसायुक्त, ज्यादा प्रोटीन वाले भोजन तथा अलकोहल, चाय, कॉफी जैसे पेय पदार्थ का उपयोग कम से कम करें।

उन्होंने सभी नगरीय निकायों को लू (तापघात) से बचाव के लिए निर्देश जारी किये है कि सावर्जनिक स्थलों जैसे बाजारों, प्रमुख शासकीय कार्यालय आदि (जहां अधिक संख्या में जनसामान्य का आना होता है) को चिन्हित कर इन चिन्हित स्थानों में लू से बचाव हेतु पर्याप्त छायादार स्थल की व्यवस्था की जाये। लू-तापघात जनित बीमारियों तथा पानी की कमी से तथा बचाव हेतु उच्च जोखिम में स्थित नागरिकों को साफपीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी है। चिन्हित स्थलों पर लू से बचाव के प्राथमिक उपचार हेतु फर्स्ट ऐड बॉक्स रख कर आपात स्थिति में इसके इसके उपयोग से संबंधित आवश्यक निर्देश लिखे जाएँ। स्थानीय स्वंय सेवी संगठनों से विचार विमर्श कर आवश्यकता अनुसार इन स्थलों पर वॉलेंटियर की तैनाती भी की जा सकती है, जो आपात स्थिति में प्राथमिक उपचार करने में सक्षम हो।

इन चिन्हित स्थलों पर शीतल जल की पर्याप्त व्यवस्था तथा पेय जल-श्रोत में पीने हेतु पर्याप्त जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जावें। इस कार्य की निगरानी हेतु नगर-निगम, नगर-पालिका, नगर पंचायत के कर्मियों की क्षेत्रवार जिम्मेदारी निर्धारित की जावे। चिन्हित स्थलों पर जन सामान्य के बैठने तथा लू से ग्रसित लोगों के आराम करने की आवश्यकता अनुसार व्यवस्था की जावे। इन चिन्हित स्थलों पर लू से बचाव से संबंधित जन सामान्य हेतु आवश्यक निर्देश, सुझाव के बैनर लगाए जाएँ तथा सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जाए।

गेहूँ उपार्जन केंद्र पर किसानों का किया स्वागत

श्योपुर, 20 अप्रैल। ढोढर में गेहूं उपार्जन केन्द्र पर समृद्ध किसान सशक्त मध्यप्रदेश अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों एवं सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा गेहूं उपार्जन के लिए आये किसानों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने कहा कि मध्यप्रदेश वर्ष 2026 को किसान वर्ष के रूप में मना रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की सरकार किसानों से 2625 रूपये प्रति क्विंटल मूल्य पर गेहूं की खरीदी कर रही है, जिले में 33 समितियों के माध्यम से उपार्जन कार्य किया जा रहा है।

इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक गर्ग, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राघवेन्द्र जाट, मंडल अध्यक्ष सुमेर जादौन आदि उपस्थित रहें। सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा गेहूं उपार्जन के लिए आये किसानों का माला पहनाकर स्वागत किया गया।

फ्यूचर स्टार स्कूल के टॉपर्स ने लहराया परचम

विद्यालय प्रबंधन ने पुरस्कार देकर किया सम्मान

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 20 अप्रैल। हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में फ्यूचर स्टार विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले में सफलता का नया इतिहास रच दिया। विद्यालय की छात्रा तन्वी सप्रा ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर सभी को गौरवान्वित किया, जबकि पूनम नागर ने द्वितीय एवं प्रियंका शर्मा ने तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस शानदार उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया।

टॉपर्स को विशेष रूप से कार से विद्यालय लाया गया, जहां उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया गया और पुष्प वर्षा कर जोरदार अभिनंदन किया गया। पूरे समारोह के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों में उत्साह का माहौल बना रहा। इस खुशी के अवसर पर केक काटकर सफलता का जश्न भी मनाया गया। स्कूल के डायरेक्टर योगेश तिवारी ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि विद्यार्थी भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन करते रहेंगे।

नगद पुरस्कार देकर किया सम्मानित : विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही विद्यालय प्रबंधन द्वारा मेधावी छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए नगद पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 5100, द्वितीय स्थान पर 2100 और तृतीय स्थान पर 1100 की राशि देकर सम्मानित किया गया।

परियोजना क्षेत्र में कोयला लोडेड वाहन पलटा

सिंगरौली . जिले की एनसीएल निगाही परियोजना में एक बार फिर सुरक्षा मानकों की अनदेखी सामने आई है. कांटे के पास कोयला लोड एक भारी वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे मौके पर हड़कंप मच गया और कुछ देर तक कामकाज बाधित रहा. गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि की खबर नहीं है, प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन में क्षमता से अधिक कोयला लोड किया गया था और आवश्यक सुरक्षा नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था।

50 प्रतिशत चमकविहीन गेहूं खरीदने की छूट

श्योपुर, 20 अप्रैल। जिले के उपार्जन केंद्रों पर अब समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी संशोधित मानकों के आधार पर की जाएगी ताकि अधिक से अधिक किसान समर्थन मूल्य योजना का लाभ उठा सकें। राज्य शासन के अनुरोध पर केंद्र सरकार द्वारा गेहूं उपार्जन के लिए निर्धारित मानको में शिथिलता प्रदान की गई है, इसके अंतर्गत अब 50 प्रतिशत तक चमक विहीन गेहूं स्वीकार्य होगा। इसी प्रकार सिकुड़े एवं टूटे दाने की सीमा बढ़ाकर 10 प्रतिशत कर दी गई है। क्षतिग्रस्त एवं आंशिक क्षतिग्रस्त दाने के लिए दोनों को मिलाकर अधिकतम 6 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की गई है।

प्रदेश में समायिक बारिश एवं मौसम खराब होने से गेहूं की फसल प्रभावित होने के कारण भारत सरकार द्वारा रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु निर्धारित यूनिफार्म स्पेसिफिकेशन में उपरोक्त शिथिलता प्रदान की गई हैं।

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मध्यप्रदेश शासन की ओर से जारी उक्त दिशा-निर्देशो के अनुसार 50 प्रतिशत तक लस्टर लॉस एवं 10 प्रतिशत सिकूडे एवं टूटे दाने उर्पाजित गेहूं पर पूर्ण समर्थन मूल्य की राशि मय राज्य बोनस के 2625 रूपये प्रति क्विंटल किसानों को भुगतान किया जायेगा। लस्टर लॉस तथा सिकूडे एवं टूटे दाने के गेहूं के बोरे पर जेड मार्का लगाकर पृथक से स्टेकिंग कराई जायेगी तथा मात्रा एवं प्रतिशत की जानकारी पोर्टल पर प्रविष्ट की जायेगी।

तीसरी लाइन परियोजना से प्रदेश को मिली रफ्तार

भोपाल, 20 अप्रैल. पश्चिम मध्य रेलवे के अंतर्गत बीना-कटनी रेलखंड पर तीसरी लाइन परियोजना का कार्य पूर्ण हो गया है. बांदकपुर से घटेरा खंड के पूरा होने के साथ 259.91 किमी लंबी यह परियोजना साकार हुई, जिसकी लागत लगभग 4000 करोड़ रुपये रही. वर्ष 2016-17 में स्वीकृत इस परियोजना में 12 महत्वपूर्ण, 26 बड़े और 311 छोटे पुलों का निर्माण किया गया, जबकि 32 रेलवे स्टेशन इससे लाभान्वित हुए हैं. बीना और कटनी दोनों ही मध्यप्रदेश के प्रमुख रेलवे जंक्शन हैं. कटनी पांच दिशाओं को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण केंद्र है।

संतुलित मात्रा में उर्वरक उपयोग की सलाह

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 20 अप्रैल। कृषि विभाग द्वारा किसान भाईयों से फसल उत्पादन के लिए संतुलित मात्रा में उर्वरकों उपयोग करने की सलाह प्रदान की गई है। विभाग की ओर से जारी अपील में कहा गया है कि अधिक मात्रा में उर्वरक उपयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति खराब होने के साथ-साथ फसलों को आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति नही होने से उत्पादन एवं उत्पादकता दोनों प्रभावित होते हैं। पौधों एवं फसलों को अपना जीवन चक्र पूरा करने के लिए 16 आवश्यक पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है। जिनमें कार्बन, हाइड्रोजन, ऑक्सीजन प्राथमिक तत्व होते हैं जिनकी पूर्ति पौधे, हवा, पानी, वायुमण्डल से कर लेते है। मुख्य पोषक तत्व, एन (नाइट्रोजन), पी (फास्फोरस), के (पोटाश) है। इनकी पूर्ति निम्न विकल्पों के आधार पर कर सकते है।

कैल्शियम, मैगनिशियम, सल्फर द्वितीयक पोषक तत्व है। सूक्ष्म पोषक तत्व आयरन, मैगनीज, जिंक, कॉपर, वोरोन, मोलिब्डनम, क्लोरिन है। इन पोषक तत्वों की पूर्ति करने के लिए टेक्निकल मार्केट में उपलब्ध रहते है। जिनसे इन तत्वों की पूर्ति कर सकते हैं। इसके अलावा रासायनिक उर्वरकों के अतिरिक्त गोबर की खाद, हरी खाद, कम्पोस्ट खाद, जैविक खाद, जैविक एवं प्राकृतिक खेती को अपनाकर फसलों में आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति कर सकते हैं। फसलों में यदि एक या दो पोषक तत्व अधिक मात्रा में डालने से पैदावार नही बढती है, बल्कि आवश्यकता अनुसार पोषक तत्व डालने पर फसलों की पैदावार अधिक तथा मिट्टी का स्वास्थ्य अच्छा रहता है। पर्यावरण एवं वायु प्रदूषण भी नही होता है।

किसान भाईयों से अपील है कि फसलों में आवश्यकता अनुसार ही उर्वरकों एवं कीटनाशकों का उपयोग करें, जिससे फसलों में आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति के साथ-साथ मिट्टी का स्वास्थ्य भी सही बना रहें।

बाल विवाह जागरूकता पर बैठक आयोजित

श्योपुर, 20 अप्रैल। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में बाल विवाह रोकथाम एवं जागरूकता अभियान के तहत आदिवासी विकासखण्ड कराहल के ग्राम बरगवा में सामुदायिक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी सीडीपीओ श्रीमती सुषमा सोनी द्वारा सामुदायिक भवन पर आयोजित उक्त बैठक के दौरान ग्राम के बुजुर्गजनो, पंचायत प्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों को बाल विवाह रोकने के प्रति जागरूक किया गया तथा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत सहयोग की अपील की गई। इस अवसर पर बरगवा के सरपंच पूनिया पटेलिया, एनआरएलएम की दीदी श्री सुनीता पटेलिया, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं, महिलाएं, पुरुष, किशोरी, किशोर आदि उपस्थित रहें।

राजा बाक्षर के शताब्दी वर्ष पर निकाली पालकी यात्रा, भंडारा कल

ग्वालियर, 20 अप्रैल। दौलतगंज स्थित महाराजाधिराज राजा बाक्षर के चल रहे शताब्दी उर्स महोत्सव के अवसर पर भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। यह पालकी यात्रा दौलतगंज स्थित राजा बाक्षर मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई वापस दौलतगंज स्थित मंदिर पर पहुंची।

पालकी का शहर के विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1927 में इस मंदिर की स्थापना की गई थी और इस वर्ष यह अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। इस मंदिर को हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक माना जाता है। 11 दिवसीय चले उर्स शताब्दी समारोह के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। ऐसी मान्यता है कि हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक यहां पर जो भी बाबा से मन्नत मांगी जाती है बाबा उन सभी की झोली भर देता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रसिद्ध कव्वाल सलीम झंकार ने अपनी प्रस्तुति पेश की। आज 21 अप्रैल को शाम 4 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।

विश्व धरोहर दिवस पर विविध आयोजन

भोपाल, 20 अप्रैल। भोपाल के निशातपुरा स्थित सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना में विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. यह आयोजन मुख्य कारखाना प्रबंधक प्रफुल्ल वी. कोहाडे के संरक्षण में हुआ, जिसमें संगोष्ठी, हैरिटेज गैलरी में वीडियो शो, प्रश्नमंच और हैरिटेज कोच की आकर्षक सजावट प्रमुख रहे।

क्राइम सीन इन्वेस्टिगेशन पर कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 20 अप्रैल। माधव विधि महाविद्यालय में बी.ए. एलएलबी, एलएलबी एवं एलएलएम के विद्यार्थियों के लिए क्राइम सीन इन्वेस्टिगेशन पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला की संयोजक डॉ. नीति पांडेय ने बताया कि वर्तमान समय विज्ञान और तकनीक का युग है, जिसमें अपराधी भी आधुनिक तरीकों का उपयोग कर रहे हैं। ऐसे में पारंपरिक जांच पद्धतियां अब पर्याप्त नहीं रह गई हैं।

कार्यशाला में वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी ने फॉरेंसिक साइंस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अब अपराधों की जांच में वैज्ञानिक साक्ष्यों की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है।

उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक विशेषज्ञ घटनास्थल और आरोपी के बीच महत्वपूर्ण कड़ी स्थापित करते हैं, जिससे अपराध की सच्चाई सामने आती है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को केस स्टडी, मॉक ट्रायल और काल्पनिक घटनास्थल के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. पांडेय ने बताया कि इस तरह की कार्यशालाएं छात्रों की तर्क क्षमता और विश्लेषण कौशल को विकसित करती हैं।

आद्य पत्रकार देवर्षि नारद जयंती उत्कृष्ट पत्रकारिता सम्मान व संवाद 17 को

ग्वालियर, 20 अप्रैल। मामा माणिकचंद वाजपेयी स्मृति सेवा न्यास द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आद्य पत्रकार देवर्षि नारद जयंती उत्कृष्ट पत्रकारिता सम्मान एवं संवाद 17 मई रविवार को आयोजित किया जाएगा। इस तारतम्य में आयोजन मंडल की बैठक आयोजित की गई। जिसमें कार्यक्रम संयोजक का दायित्व वरिष्ठ पत्रकार दीपक तोमर को सौंपा गया। सह संयोजक जोगेंद्र सेन, सुनील पाठक एवं विनोद गुप्ता को बनाया गया। इसके अलावा विभिन्न समितियों का गठन भी किया गया। समारोह में पत्रकारिता से संबंधित विभिन्न श्रेणियों में श्रेष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ग्वालियर विभाग प्रचार प्रमुख डॉ.निशांत शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार अनुराग त्रिवेदी, बलराम सोनी, बृजमोहन शर्मा, प्रवीण दुबे, अभिषेक शर्मा, धर्मेंद्र त्रिवेदी, विनोद शर्मा, रामकृष्ण उपाध्याय, विनोद केसरवानी, गिरीश पाल, राजेश वाधवानी, नारायण पिरोनिया, मनीष मांझी सहित अन्य पत्रकार उपस्थित रहे।

कॉलेज के छात्र का माय भारत बजट क्वेस्ट में चयन

श्योपुर, 20 अप्रैल। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्योपुर के छात्र ईश्वर वैष्णव का माय भारत बजट क्रेस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से सीधे संवाद करने के लिए राजधानी भोपाल में आयोजित माय भारत बजट क्रेस्ट में चयन हुआ था। ईश्वर वैष्णव ने 12 एवं 13 अप्रैल प्रधानमंत्री श्री मोदी से केंद्रीय बजट के विषय पर संवाद किया था। इसी प्रकार ईश्वर वैष्णव ने केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडवीया जी से तथा मध्य प्रदेश शासन में युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग से भी संवाद किया था। ईश्वर वैष्णव का चयन तीन चरणीय प्रतियोगी प्रकिया द्वारा हुआ था। ईश्वर वैष्णव के इस चयन से महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा सहित कॉलेज के अन्य प्रोफेसर तथा स्टाफने शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

उपार्जन केन्द्रों पर यूपी का गेहूं खपाने का आरोप

भिण्ड, 20 अप्रैल. मध्यप्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी प्रक्रिया को लेकर पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने भिण्ड जिले के लहार और रौन क्षेत्र में मप्र-यूपी सिंडिकेट के जरिए करोड़ों रुपए के घोटाले का आरोप लगाया है. उन्होंने खाद्य अधिकारियों और भाजपा नेताओं की सांठगांठ को जिम्मेदार बताया है. कांग्रेस नेता डॉ. सिंह ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में गेहूं की बाजार कीमत करीब 2100 रुपए प्रति क्विंटल है, जबकि मध्यप्रदेश में बोनस सहित 2625 रुपए प्रति क्विंटल मिल रहा है. इस अंतर का फायदा उठाकर यूपी का सस्ता गेहूं फर्जी पंजीयन के जरिए एमपी के उपार्जन केन्द्रों पर खपाया जा रहा है, जिससे प्रति क्विंटल 500 रुपए से अधिक का नुकसान सरकार को हो रहा है. उन्होंने दावा किया कि लहार क्षेत्र के उपार्जन केन्द्रों पर खरीदी शुरू होने से पहले ही 4 से 5 हजार क्विंटल गेहूं भरा मिला. किसानों के स्लॉट बुक होने से पहले ही नागरिक आपूर्ति निगम का बारदाना माफियाओं तक पहुंचा दिया गया.